>

Title: Need to expedite computerization of office of Employees' Provident Fund Organisation in Keonjhar Parliamentary Constituency, Odisha.

श्री यशवंत लागुरी (क्योंझर) : नियम 377 के माध्यम से सदन की जानकारी में लाना चाहता हूं कि मेरे संसदीय क्षेत्र में खानों में मजदूर कार्यरत हैं और उन्हें श्रम संबंधी सुविधाएं दिलवाने एवं श्रम संबंधी कानूनों के पालन करने में इस संसदीय क्षेत्र में कर्मचारी भविष्य निधि संगठन का एक आफिस कार्यरत है। देश में श्रमिक संबंधी आंकड़ों को संकलित करने के लिए 120 कार्यालयों में कम्प्यूटरीकरण किए जाने का कार्य स्वीकृत हुआ था जिसके तहत 119 कार्यालयों में यह कम्प्यूटरीकरण कार्य 31 मार्च, 2011 तक पूर्ण हो चुके हैं। जिस एक कार्यालय में कम्प्यूटरीकरण का कार्य रह गया है उनमें केवल एक ही मेरा संसदीय क्षेत्र क्योंझर है। अभी तक एक साल बीत जाने के बाद भी मेरे संसदीय क्षेत्र क्योंझर में ई.पी.एफ कार्यालय का कम्प्यूटरीकरण नहीं किया जा सका है। इससे मेरे संसदीय क्षेत्र में श्रमिक संबंधी आंकड़े एवं उनको सुविधाएं दिलाने में कई कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

सरकार से अनुरोध है कि मेरे संसदीय क्षेत्र क्योंझर में कर्मचारी भविष्य निधि संगठन के आफिस का कम्प्यूटरीकरण करने का कार्य प्राथमिकता से किया जाये एवं इसके अभी तक उपरोक्त कार्य नहीं होने की जांच भी की जाये।